# का र्मक  वभाग

का र्मक  वभाग मानव संसाधन की प्र कया में अत्यंत अहम तथा महत्वपूर्ण भू मका निभाता है। सारे  वभागों में कुशल कर्मचारियों की भर्ती से लेकर उनकी पदोन्नतियां, व वध प्र शक्षण प्र कया तथा कल्याणकारी उपाय योजनाओं सहित उनके सेवानिवृति के निपटारे तक के कार्य इस  वभाग से  कया जाता है। मुख्यता: अपने कर्मचारियों के सर्वांगीण  वकास के  लए निरंतर रूप से यह  वभाग प्रयास करते रहता है।

का र्मक  वभाग की जिम्मेदारियां एवं कार्य - संगठन को बौ धक  ष्टि से स क्रय तथा अग्रसर बनाए रखने के  लए अपनी भर्ती नीति को ध्यान में रखते हुए भू महारों के  लए  व भन्न  वभागों में भर्ती, अपने कर्मचारियों की कुशलता और पेशेवर उत्कृष्टता को बढ़ाने के  लए व्यावसायिक प्र शक्षण तथा  व वध परियोजनाओं का कुशल कर्मचारियों द्वारा प्रबंधन, कर्मचारियों के कैरियर प्रगति के  लए पदोन्नतियों की नीति तैयार करना, मानव संसाधनों के  व वध नितियों के अनुपालन, अपने कर्मचारियों तथा उनके परिवार के  लए  व भन्न कल्याणकारी उपाय, खेल-कूद तथा सांस्कृतिक गति व धयों में उनकी छिपी हुई प्रतिभा को उजागर करना, बेहतर कार्य सु वधाएं और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराना, कर्मचारियों के  शकायतों का निपटारा, सामंजस्यपूर्ण औद्यो गक संबंध सुनिश्चित करना, बहुकुशलता के साथ  ववेकसम्मत मानवशक्ति की योजना तथा रेल मंत्रालय एवं सार्वजनिक उद्यम  वभाग से समय-समय पर प्राप्त दिशा निर्देशों का अनुपालन करना शा मल हैं।

“अदतन- 30/06/2025